# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(ग्यारहवां सत्र)

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## बुधवार, 9 मार्च, 2016/19 फाल्गुन, 1937 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** ].

**कुल प्रश्न** - 47

----

### बस सुविधा

***2760 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत हिमाचल पथ परिवहन निगम के कितने ऐसे रूट हैं जिन पर पुरानी बसें चल रही हैं;

(ख) इन रूटों पर नई बसें कब तक चला दी जायेंगी; ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार द्वारा इस क्षेत्र की नई पास की गई सड़कों पर कब तक बस सेवा उपलब्ध करवा दी जायेगी; ब्यौरा दें?

----

### लम्बित सड़कें

***2761 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में जसवां-प्रागपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी ऐसी सड़कें हैं जिन्हें वन संरक्षण अधिनियम (FCA)के अन्तर्गत स्वीकृति नहीं मिली है; ब्यौरा सड़कवार दें; और

(ख) इन सड़कों की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## बस सेवा

***2762 श्री खूब राम (आनी):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) दिनांक 31-1-2016 तक आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी सड़कें पास हो चुकी हैं जिन पर अभी तक बसें नहीं चल रही हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार इन पर कब तक बसें चलाने का विचार रखती है; सूचना सभा पटल पर रखें?

----

## Low-Voltage Problem

***2763 Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-
(a) during the year 2015-16 what was the target for the State vis-a-vis Nalagarh Assembly Constituency in respect of electrifying the new settled Bastis, improvement of low-voltage habitations and providing three phase line; and

(b) what is the achievement till 31.01.2016 in respect of Nalagarh Assembly Constituency ?

----

## घाटे में निगम/बोर्ड

***2764 श्री विजय अग्निहोत्री (नदौन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश के विभिन्न निगमों तथा बोर्डों में नियुक्त अध्यक्षों/उपाध्यक्षों व उनके स्टाफ के वेतन, टी0ए0 व डी0ए0 इत्यादि पर कितना खर्च किया गया; ब्यौरा निगम व बोर्ड का वर्षवार दें;

(ख) वर्तमान में कितने निगम व बोर्ड घाटे में चल रहे हैं; ब्यौरा नामवार दें; और

(ग) सरकार ने इन निगमों व बोर्डों को घाटे से उबारने के लिए क्या-क्या कदम उठाये; ब्यौरा निगम/बोर्डवार दें ?

----

## **मिट्टी तेल का आंबटन**

***2765 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में प्रदेश में राशन कार्ड धारकों को मिट्टी तेल (Kerosene Oil) किस आधार पर आबंटित किया जाता है; ब्यौरा दें; और

(ख) गत एक वर्ष में बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के बड़ा भंगाल के लोगों के लिए कितना मिट्टी तेल (Kerosene Oil) आबंटित किया गया; ब्यौरा दें?

----

## **Construction of Roads/Bridges**

***2766 Sh. B.K. Chauhan (Chamba):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) when was the construction of the following roads/ bridges started:-

(i) Sirna road in Janghi Panchanch;

(ii) Machayadi Panjla road;

(iii) Ghoom Janjla road;

(iv) construction of two bridges on Chamba-Saho road on Kalhela and Sangera Nalla; and

(b) by when the construction work will be completed ?

----

## **कौशल विकास भत्ता योजना**

***2767 श्री गुलाब सिंह ठाकुर(जोगिन्द्रनगर) :**
**डॉ0 राजीव बिन्दल(नाहन) :**
**श्री रविन्द्र सिंह(देहरा) :**
**श्री सतपाल सिंह सत्ती(ऊना) :**
**श्री कुलदीप कुमार(चिन्तपुरनी) :**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश सरकार को केन्द्र सरकार की ओर से कौशल विकास भत्ता योजना के अन्तर्गत कितनी-कितनी धनराशि प्राप्त हुई; ब्यौरा वर्षवार दें;

(ख) इस अवधि में इस योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षण उपरान्त कितने लोगों को रोजगार/स्व-रोजगार दिया गया; ब्यौरा विभागवार दें; और

(ग) दिनांक 31-1-2016 तक प्रदेश में विभिन्न रोजगार कार्यालयों में कितने बेरोजगार पंजीकृत हैं और सरकार बेरोज़गारों को रोज़गार देने के लिए क्या-क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

----

## वाहन रहित थाने/चौकियां

***2768 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में प्रदेश में कितने थानें और चौकियां हैं और कौन-कौन से थानें/चौकियां वाहन रहित हैं; और

(ख) सरकार ने क्या योजना बनाई है कि चरणबद्ध तरीके से वाहन सभी थानों और चौकियों में उपलब्ध करवाएं जाएं; यदि हां, तो प्रति सभा पटल पर रखें ?

----

## बस अड्डे का निर्माण

***2769 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत निरमण्ड में बस अड्डे का निर्माण करने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक तथा निर्माण कार्य कब तक शुरू कर दिया जायेगा?

----

## Filling up of Vacant Posts

***2770 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) how many Government Colleges are there in the State;

(b) what is the number of posts of all categories teaching and non-teaching created in Government Colleges institutions;

(c) how many posts of all categories are lying vacant in the State; and

(d) how many posts of all categories are lying vacant in Government Degree College Salooni and since when?

----

## बस सेवा

***2771 श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम द्वारा सुजानपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नये रूटों पर कीतनी बसें चलाई हैं; और

(ख) यदि हां, तो ब्यौरा रूट सहित दें ?

----

## पुरानी मशीनरी

***2772 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में प्रदेश में लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत विभिन्न मंडलों में कितने जे0सी0बी0, बुलडोजर व कम्प्रैशर हैं; ब्यौरा मण्डलवार दें; और

(ख) सरकार क्या पुरानी मशीनरी के स्थान पर नई मशीनरी खरीदने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

----

## बैहना जटां-बैरी दड़ोलां सड़क

***2773 श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि गत वर्ष बैहना जटां-बैरी दड़ोलां सड़क की मैटलिंग/टारिंग की गई थी; यदि हां, तो इसके उखड़ने के क्या कारण हैं तथा इसकी जांच-पड़ताल किस एजैंसी द्वारा करवाई जा रही है; ब्यौरा दें ?

----

## मुख्य मन्त्री आदर्श ग्राम योजना

***2774 श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि वर्ष 2013-14 और 2014-15 में प्रदेश में मुख्य मन्त्री आदर्श ग्राम योजना चल रही थी; और

(ख) यदि हां, तो वर्ष 2015-16 में इस योजना को क्यों बंद कर दिया गया; ब्यौरा कारण सहित दें?

----

## कर्मचारियों का नियमितीकरण

***2775 श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्ष 2015-16 में प्रदेश सरकार ने अनुबन्ध पर कार्यरत कितने कर्मचारी नियमित किए; ब्यौरा विभागों का पदवार दें;

(ख) यह सत्य है कि मैडिकल ऑफिसर, डैन्टल ऑफिसर व आयुर्वैदिक मैडिकल ऑफिसर भी अनुबन्ध पर कार्यरत हैं; यदि हां, तो ब्यौरा विभाग व पदवार दें; और

(ग) सरकार द्वारा अनुबन्ध पर नियुक्त अफसरों को कब नियमित किया जाएगा तथा जिन कर्मचारियों ने पांच वर्ष पूर्ण कर लिए हैं क्या उन्हें उसी तिथि से नियमित किया जाएगा?

----

## महाविद्यालय दौलतपुर

***2776 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने दौलतपुर चौक कॉलेज को अपने अधीन ले लिया है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इस महाविद्यालय के लेफ्ट आऊट स्टाफ को भी टेक ओवर करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

----

## कार्यालय शिफ्ट करना

***2777 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार खण्ड प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी का (बी0ई0ई0ओ0) कार्यालय जागला-रनसार जो कि अभी चिड़गांव से चल रहा है को जागला-रनसार शिफ्ट करने का विचार रखती है ?

----

## धनराशि का व्यय

***2778 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **आबकारी एवं कराधान मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्ष 2014-15 में सरकार को शराब, ड्रग्स व तम्बाकू के उत्पादों के विक्रय से कितनी आय प्राप्त हुई; ब्यौरा मदवार दें; और

(ख) इस अवधि में सरकार ने जनता को इनका इस्तेमाल न करने के लिए जागरूक करने तथा रोकथाम लगाने पर कितनी-कितनी धनराशि खर्च की; ब्यौरा दें?

----

## माध्यमिक पाठशाला स्यांज

***2779 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय माध्यमिक पाठशाला स्यांज में कर्मचारियों एवं शिक्षकों के कितने पद सृजित हैं; विवरण दें;

(ख) इनमें से कितने पद रिक्त हैं; विवरण दें; और

(ग) सरकार रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है; विवरण दें?

----

## Nathpa-Kaza 66 KV Line

***2780 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-
(a) whether it is a fact that during the year 2013 & 2014 an enquiry was ordered by Hon'ble Chief Minister regarding laying Nathpa to Kaza 66 KVA line which was started 18 years back;

(b) if yes, how much expenditure has been incurred on this line; and

(c) by when the work will be completed; details be given?

----

## योजनाओं की डी0पी0आर0

***2781 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की कितनी योजनाएं विधायक प्राथमिकता में डाली गई;

(ख) इनमें से कितनी योजनाओं की डी0पी0आर0 बनाई गई हैं व कितनी शेष हैं; और

(ग) इस अवधि में कितनी योजनाएं स्वीकृत हो चुकी हैं तथा कितनों में धन का प्रावधान किया गया; ब्यौरा योजनावार दें?

----

## कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी

***2782 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में चौपाल विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत भू-संरक्षण विभाग में कितने अधिकारी व कर्मचारी कार्यरत हैं; ब्यौरा पद के नाम सहित दें;

(ख) गत तीन वर्षों में इस विभाग के लिए कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; ब्यौरा वर्षवार दें; और

(ग) यह धनराशि कहां-कहां खर्च की गई; ब्यौरा कार्य के स्थान सहित दें?

----

## पाठशालाओं का उन्नयन

***2783 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में कसुम्पटी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च और वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाएं कार्यरत हैं; ब्यौरा पाठशालावार दें;

(ख) इन पाठशालाओं में कितने-कितने बच्चे पढ़ रहे हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) दिनांक 25.12.2012 से 31.01.2016 तक कितनी पाठशालाओं को स्तरोन्नत किया गया; ब्यौरा पाठशालावार दें?

----

## पशु औषद्यालय/अस्पताल

***2784 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में प्रदेश में कितने पशु औषद्यालय/अस्पताल हैं;

(ख) इनमें डॉक्टरों तथा फार्मासिस्टों के कितने पद सृजित हैं;

(ग) इनमें से कितने पद भरे हुए हैं तथा कितने रिक्त हैं; और

(घ) दिनांक 31-1-2016 तक प्रदेश में मुख्य मन्त्री पशुधन योजना के अर्न्तगत कितने फार्मासिस्ट लगाए गए; ब्यौरा दें?

----

## डी0पी0आर0 की अद्यतन स्थिति

***2785 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की विधायक प्राथमिकता में डाली गई सड़कों की DPR की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा वर्षवार दें; और

(ख) कितनी विधायक प्राथमिकताओं की DPR अभी तक नहीं बनी है; ब्यौरा वर्षवार कारण सहित दें ?

----

## पुलिस उपाधीक्षक द्वारा छापेमारी

***2786 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) बद्दी में तैनात पुलिस उपाधीक्षक (D.S.P) क्या नालागढ़ के अधीन पड़ने वाले क्षेत्र में छापेमारी कर सकता है या नहीं; और

(ख) थाना नालागढ़ के अधीन क्षेत्र की रपट क्या थाना बद्दी में दर्ज की जा सकती है; यदि हां, तो किस नियम के अन्तर्गत; ब्यौरा दें?

----

## नियमितीकरण अवधि

***2787 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि अनुबन्ध कर्मचारियों को अब 6 वर्ष की बजाए 5 वर्ष में नियमित किया जाता है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इसी तर्ज पर दिहाड़ीदारों के नियमितीकरण की अवधि 7 वर्ष से घटाकर 6 वर्ष करने पर विचार करेगी ?

----

## Tubewells

***2788 Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

(a) whether the Government is aware of the fact that the Irrigation Tubewells constructed by the Soil Conservation wing of Agriculture Department are not functioning properly for want of technical input & maintenance funds;

(b) if so, whether the Government plans to handover these Tubewells to IPH Department; and

(c) if so , by when?

----

## पंजीकृत कामगार

***2789 श्री विजय अग्निहोत्री (नदौन):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य कामगार कल्याण बोर्ड को विभिन्न स्त्रोतों से कितनी धनराशि की आय हुई; ब्यौरा मद व वर्षवार दें;

(ख) इस धनराशि को कहां-कहां व कितना-कितना खर्च किया गया; ब्यौरा जिला व मदवार दें; और

(ग) इस बोर्ड में कुल कितने कामगार पंजीकृत हैं और उन्हें क्या-क्या सुविधाएं प्रदान की गई हैं; ब्यौरा जिलावार दें?

----

## विकास खण्ड अधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई

***2790 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि विकास खण्ड कार्यालय, बैजनाथ में विकास कार्यों, सोलर लाईट, खेल सामान तथा टूल किट खरीद तथा गाड़ी की मरम्मत पर खर्च की गई धनराशि बारे धांधली हुई है; यदि हां, तो दोषियों के विरूद्ध क्या कार्रवाई अमल में लाई गई; ब्यौरा दें ?

----

## पुल निर्माण

***2791 श्री बी0 के0 चौहान (चम्बा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार चम्बा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की ग्राम पंचायत भड़ीया वड़ग्राम में पुल निर्माण का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां,तो निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जायेगा; ब्यौरा दें?

----

## दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई

***2792 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि जिला मण्डी के धर्मपुर पुलिस स्टेशन में माह दिसम्बर, 2015 में हत्या की FIR दर्ज हुई है; और

(ख) यदि हां, तो इसमें कौन-कौन दोषी पाए गए तथा उन पर क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा सभा पटल पर रखें ?

----

## डीजल/पैट्रोल के दाम

***2793 डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत दो वर्षों में पैट्रोल पम्पों पर डीजल व पैट्रोल के दाम नाहन में क्या-क्या रहे; ब्यौरा माहवार दें; और

(ख) प्रत्येक स्थान पर डीजल व पैट्रोल के दामों में अंतर आने का क्या कारण है; ब्यौरा दें?

----

## गन्ना उत्पादन

***2794 श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) प्रदेश में कितने क्षेत्रफल में किसान गन्ना उत्पादन करते हैं; ब्यौरा जिलाश: सभा पटल पर रखें;

(ख) सरकार द्वारा क्या इन गन्ना उत्पादन करने वाले किसानों को पंजाब, हरियाणा या अन्य प्रदेशों की तर्ज पर उपदान या अन्य राहत दी जाती है; और

(ग) यदि हां, तो ब्यौरा सभा पटल पर रखें?

----

## सब्जी मण्डी में सुविधांए

***2795 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि कुल्लू में अखाड़ा बाजार स्थित मार्केटिंग कमेटी घाटे में चल रही है;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के आय-व्यय का ब्यौरा कारणों सहित दें; और

(ग) विभाग द्वारा यहां स्थित सब्जी मण्डी में सुविधाओं में सुधार लाने हेतु क्या-क्या पग उठाए जा रहे हैं; ब्यौरा दें?

----

## अवैध खनन

***2796 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत खेखसू नामक स्थान पर अवैध खनन हो रहा है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार इस अवैध खनन को रोकने हेतु क्या कदम उठा रही है; ब्यौरा सभा पटल पर रखे ?

----

## Vacant Posts

***2797 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

(a) how many posts of all categories are created in Department of Agriculture in District Chamba (figures be given block-wise);

(b) how many posts of all categories are lying vacant block-wise, since when; and

(c) what steps is the Department taking to fill-up these posts?

----

## पाठशाला प्रबन्धन समिति के माध्यम से भर्ती

***2798 श्री हंस राज(चुराह) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में प्रदेश में कितने प्रशिक्षित कनिष्ठ बुनियादी, कला एवं शारीरिक अध्यापक बेरोजगार हैं; ब्यौरा जिलावार दें; और

(ख) सरकार क्या जिला चम्बा में पाठशाला प्रबन्धन समिति की नीति के माध्यम से कला एवं शारीरिक अध्यापकों की भर्ती करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## डी0पी0आर0 की अद्यतन स्थिति

***2799 श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि थुराण-ऋषिकेश वाया जना-समलेटा सड़क विधायक प्राथमिकता में डाली गई है;

(ख) यदि हां, तो क्या इसकी डी0पी0आर0 बना दी गई है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसकी अद्यतन स्थिति का ब्यौरा देरी के कारणों सहित दें?

----

## सड़क निर्माण

***2800 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत अनुसूचित जाति उप-योजना के अन्तर्गत सड़कों के निर्माण पर कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें; और

(ख) इस अवधि में इस योजना के अन्तर्गत कितनी सड़कें पूर्ण की गई व कितनी निर्माणाधीन हैं; ब्यौरा दें?

----

## सड़कों का निर्माण

***2801 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकाघाट विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कौन-कौन सी सड़कों का निर्माण अनुसूचित जाति उप-योजना के तहत किया जा रहा है; ब्यौरा नाम सहित दें;

(ख) वित्तीय वर्ष 2015-16 में इन सड़कों के लिए कितनी-कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया और कितनी-कितनी इन पर खर्च की गई; ब्यौरा सड़कवार दें; और

(ग) इन सड़कों के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## महाविद्यालय की स्थापना

***2802 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत हटगढ़ में डिग्री कॉलेज खोलने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें ?

----

## विभिन्न श्रेणियों की रिक्तियां

***2803 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग के कितने उप-मण्डल हैं;

(ख) इनमें विभिन्न श्रेणियों के कितने-कितने पद स्वीकृत हैं; और

(ग) इनमें से कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा उप-मण्डलवार दें ?

----

## प्राथमिक पाठशाला चुरट नाला

***2804 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में प्राथमिक पाठशाला चुरट नाला में कितने कमरों का निर्माण कार्य किया जा रहा है; और

(ख) यह कार्य क्या अभी तक अधूरा है तथा कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें ?

----

## Vacant posts

***2805 Sh. Jai Ram Thakur (Seraj):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that what is the total No. of posts of Assistant Professors in physical education and sports cadre in Government colleges of the State and out of these how many are vacant; details be given ?

----

## अध्यापकों की रिक्तियां

***2806 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न राजकीय पाठशालाओं में अध्यापकों के कितने पद सृजित हैं तथा उनमें से कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा पाठशालावार दें; और

(ख) सरकार कब तक इन रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है?

----

**शिमला: 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांक: 20 फरवरी, 2016 .** **सचिव।**